हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 31 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 सतनामी समाज ने सामाजिक उत्थान ...

14 सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की सभा में ...




## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-
दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## खबर संक्षेप

### प्राकृति की रक्षा करना मानव की नैतिक जिम्मेदारी



**लवन।** आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने हिन्दू नव वर्ष के शुभारंभ अवसर पर समस्त विश्व कल्याण के लिए आर्य समाज की स्थापना किया था। हिदू नववर्ष और नवरात्र एवं भारतीय विक्रमी संवत का प्रारंभ तथा भगवान श्री राम एवं युधिष्ठिर का राज्याभिषेक इसी पवित्र दिन को हुआ था। रविवार को आर्य समाज सुनवाइयों द्वारा प्रभात फेरी कर बाजार चौक सिंघम निवास पास योगाचार्य नंदकुमार आर्य द्वारा हवन-यज्ञ कर नव वर्ष का स्वागत किया। आयोजित समारोह के दौरान योगाचार्य नंदकुमार आर्य ने वैदिक मंत्रेच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। इस यज्ञ के दौरान प्रधान मोहन साहू सचिव चूड़ामणि सिंघम कोषाध्यक्ष बाहोंरन साहू, पंचराम साहू, बृहस्पत प्रधान, गंगाप्रसाद साहू, इतवारी निषाद, अरुण साहू, मदन वर्मा, आदित्य साहू, धन सिंह, प्रभु साहू, ठाकुर राम सेन, राजाराम केवट, पत्थर सिंह, हेमलता साहू, अमिता साहू, संतोषी साहू, जागृति साहू, अंगेश्वरी सिंघम, सुन्दरवती प्रधान, जीतिका साहू मुख्य रूप से शामिल हुई। योगाचार्य ने कहा कि सभी जीवों को ईश्वर ने इस सृष्टि के अंदर लाकर महान उपकार किए है। जब कोई संसार में आता है तो उसका प्रकृति व परमात्मा स्वागत करता है। प्राकृति की रक्षा करना भी इंसान की नैतिक जिम्मेदारी होती है।

### पेयजल व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**बलौदा बाजार।** ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने तथा शिकायत निवारण के लिए कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिला एवं विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले के किसी भी ग्राम मे पेयजल की समस्या या हैण्डपम्प की समस्या होने पर सम्बंधित विकासखंड के नोडल अधिकारी से संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही टोल फ्री नंबर 1800233008 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जारी आदेशानुसार सहायक मानचित्रकार सुभाष तिग्गल मोबाइल नम्बर 9893887642 को जिला स्तर पर प्रभारी बनाया गया है। विकासखंड बलौदाबाजार के लिए उप अभियंता कलिराम पैकरा मोबाइल नंबर 9826136821, विकासखंड पलारी के लिए उप अभियंता संदीप लारेंस मोबाइल नंबर 7987000945, विकासखंड भाटापारा के लिए उप अभियंता रीना सिंह मोबाइल नंबर 7223945588, विकासखंड सिमगा के लिए सहायक अभियंता केएल देवांगन, मोबाइल नंबर 9826209612 एवं उप अभियंता सुदर्शन सिंह मरावी मोबाइल नंबर 8602151705 को विकासखंड कसडोल के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है।





# हिन्दू नववर्ष पर निकली भव्य रैली, देवी देवताओं की झांकियं रहीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के प्रथम दिवस रविवार को नगर में हिन्दू धर्मावलंबियों द्वारा भव्य रैली निकाली गई। जिसमें हिन्दू देवी देवताओं की आकर्षक झांकियों के साथ

### स्वांगधारियों का प्रदर्शन रहा आकर्षक

स्वांगधारियों का प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण रहा। रैली में हजारों की संख्या में शामिल लोग जयकारे लगाते हुए धर्म की रक्षा का उद्घोष वातावरण में गुंजता रहा। गौरतलब है कि नगर में प्रतिवर्ष हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाने की परंपरा गत कई वर्षो से चली आ रही है। तथा यह उत्सव मनाने के लिए सभी समाज के द्वारा संयुक्त रूप से कई दिनो पूर्व से तैयारी शुरू कर भव्य आयोजन किया जाता है। इस वर्ष सोनचंद स्मृति फाउन्डेशन के द्वारा इस अवसर पर अन्य नगरो से स्वांगधारण करने वाले दलो को बुलाकर आयोजन को भव्य व आकर्षक स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाई गई।

### नगर में रैली का जगह-जगह स्वागत

*नववर्ष के अवसर पर रविवार शाम को नगर के गार्डन चौक से प्रारंभ हुई शोभायात्र के नगरभ्रमण करने के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर जगह-जगह स्वागत किया गया। वहीं कुछ स्थानों पर शोभा यात्र में शामिल लोगों को शीलत पेय व अन्य खाद्य सामग्री वितरित भी किया गया। रैली को सफल बनाने में हिन्दू समाज अंतर्गत शामिल सभी सामाजिक संगठनों की उल्लेखनीय भूमिका थी।*

## आस्था: चैत्र नवरात्र में नौ दिनों तक होगी शक्ति के नौ रूपों की आराधना

# देवी मंदिरों में सुबह से लगा श्रद्धालुओं तांता भक्तों ने प्रज्ज्वलित किए ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रविवार से नवरात्रि का पर्व शुरू हो चुका है वही सभी देवी मंदिर में सुबह से भक्तों का तांता देखने को मिला लंबी–लंबी लाइन देवी मंदिरो में लगी हुई थीं एवं भक्त माता के दर्शन के लिए अपनी बारी का इंतजार करती नजर आए। शक्ति की भक्ति का महापर्व चौत्र नवरात्र आज से शुरु हो गई है। इस बार चौत्र नवरात्रि 30 मार्च से 6 अप्रैल तक रहेगा। नवरात्रि के इन आठ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना होगीं। तल खरोराक्षेत्र के सभी छोटे–बड़े देवी मंदिर आस्था की ज्योति से जगमग हो गई है। मंदिरों व घरों में शंख, घड़ियाल की धुन के बीच सुबह–शाम आरती होगी। आज अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना के साथ चौत्र नवरात्रि शुरू हो गई। इस अवसर पर देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति प्रज्जवलित की गई। साथ ही घरों में भी जंवारा बोयीं गई है। नवरात्रि के पहले दिन परंपरा अनुसार बिरही भिगोईं गई। इस बार चौत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाने तैयारी की गई है। भक्तों में भी नवरात्र को लेकर काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। बता दें कि, चौत्र नवरात्र जँवारा विसर्जन के साथ समाप्त होगी।

■ आस्था की ज्योति से जगमग हो गए मां शक्ति के अराधना स्थल

### मनोकामना ज्योति कलश से जगमग हुए शक्तिपीठ



*__पलारी__। रविवार 30 मार्च से चौत्र नवरात्र प्रारँभ हो गया है इस मौके पर अंचल के सभी देवालयो मे मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कि गई है वही बहुत से घरो मे भी जँवारा के साथ मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कि गई अँचल के सेनानी ग्राम रावन के मां महामाया शक्ति पीठ में 60 दो घी का और शीतता मंदिर में 40 मनोकामना ज्योति कलश शुभ मुहूर्त में प्रज्जवलित की गई।वही माता की सेवा मे झाँझ, मजीरा, और मादर की थाप पर जसगीत सेवा अँचल भक्तिमय हो गया है।*

### आस्था के 9 दिन



*नवरात्र में नौ दिनों तक भक्त व्रत रखेंगे और कन्या पूजन के साथ इसका समापन होगा। वहीं पंचमी के दिन माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। अष्टमी को वैदिक मंत्रेच्चारण के साथ यज्ञ हवन होगा। प्रमुख देवी मंदिरों में हजारों मनोकामना ज्योति भक्तों द्वारा प्रज्जवलित की गई है। माता के दरबार को आकर्षक झालरों से सजाया गया है। वहीं भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर समितियां भी इस बार विशेष तैयारी कर रखे है। भक्त सीधे गर्भ गृह तक जाकर माता की पूजा अर्चना कर सकेंगे। आज पहले दिन से ही पूजा अभिषेक करने भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। जिन घरों में जंवारा का कार्यक्रम है वहां भक्त सुबह–शाम माता रानी की पूजा–आरती कर नवरात्रि पर्व मनाएंगे। वहीं सुबह से शाम तक देवी मंदिर जस सेवा गीतों से गुंजायमान होगीं। इस दौरान दूर–दूर से भक्त पहुंचेंगे। नवरात्रि के मद्देनजर भक्तों की भीड़ पूरे नौ दिनों तक रहेगी।*

# मंदिरों में जले आस्था के ज्योत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

चैत्र नवरात्रि पर्व पर नगर के सभी शक्तिपीठों में मैया की भक्ति की बयार रही। नौ दिनो तक चलने वाले नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन मां दूर्गा की अलग–अलग नौ रूपो में पूजा होगी। इस वर्ष यह पर्व 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाया जावेगा। पंडित कालू प्रसाद शास्त्री ने बताया है कि इस बार माता के हाथी पर सवार होकर आने से नवरात्रि सुख समृद्धि से पूर्ण होगी। नवरात्रि पर्व में सर्वार्थ सिद्ध, ऐंद्र ,बुद्ध आदित्य, शुक्र आदित्य, लक्ष्मी नारायण योग बनने से विशेष फलदायक होगी। हिन्दू धर्म में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व शक्ति की पूजा और आध्यामित्क साधना के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है। यह पर्व वर्ष में चार बार आता है जिसमें दो नवरात्रि पर्व गुप्त होते है तथा चैत्र नवरात्रि एवं शारदीय नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व होने के कारण धूमधाम से मनाया जाता है। तथा मां के उपासकों द्वारा नौ दिनें तक भक्ति भाव के साथ उपवास रखते हुए रोजाना विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इसके अलावा शक्तिपीठो में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराया जाता है।

■ माता के हाथी पर सवार होकर आने से नवरात्रि होगी सुख समृद्धि से पूर्ण : शास्त्री

### अंचल में नौ दिनो तक भक्ति की बयार

*नवरात्रि पर्व के दौरान शक्तिपीठो में विशेष साज-सज्जा के अलावा विराजित माता का प्रतिदिन विशेष श्रृंगार किया जाता है। नवरात्रि पर्व में माता के दरबार का दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की उमड़ने वाली भीड़ तथा प्रमुख शक्तिपीठों के आसपास मेला जैसा माहौल में भक्ति की बयार बहती दिखाई पड़ती है।*

# भालुकोना में प्रज्ज्वलित हुए आस्था के 299 ज्योत



**हिरमी रावन।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था और भक्ति का माहौल पूरे क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। मोहरा, हिरमी, कुथरौद, भालेसुर, मुसवाडीह, भालुकोना सहित आसपास के गांवों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की कृपा प्राप्ति के लिए मनोकामना ज्योतियों का प्रज्वलन किया। विशेष रूप से भालुकोना स्थित चितावर धाम में भक्तों की बड़ी संख्या उमड़ी। यहां कुल 299 ज्योतियां प्रज्वलित की गईं, जिनमें 33 घी की ज्योतियां और 266 तेल की ज्योतियां शामिल रहीं। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर श्रद्धालु उपवास, हवन, पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन में लीन नजर आए। चितावर धाम में देवी भक्तों ने मां दुर्गा से सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस पवित्र स्थल पर प्रज्वलित ज्योतियां उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करेंगी। नवरात्रि के दौरान विभिन्न गांवों में देवी मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है और विशेष अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। स्थानीय समिति के सदस्य एवं ग्रामीणों ने इस धार्मिक आयोजन में सहयोग दिया। क्षेत्र के श्रद्धालु मां दुर्गा की उपासना में लीन होकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। नवरात्रि की इस भक्तिमय बेला में पूरा क्षेत्र देवी भक्ति से सराबोर नजर आ रहा है।

# भागवत कथा का कलशयात्रा के साथ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम मुंडा में स्वर्गीय गेंदराम तिवारी की पुण्य स्मृति में पत्नी नंदिनी तिवारी एवं पुत्र सतीश तिवारी अधिवक्ता आशीष तिवारी शिक्षक रितेश तिवारी आयुष तिवारी शिशिर तिवारी के द्वारा 30 मार्च से आयोजित श्रीमद् भागवत पुराण कथा यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्र के साथ किया गया। कथावाचक पंडित नागेंद्र पुरुषोत्तम प्रसाद चतुर्वेदी भैंसमुडी जांजगीर चांपा वाले महाराज को खुली जिप्सी कार में बैठाया गया। यजमान सतीश तिवारी ने श्रीमद् भागवत पुराण को अपने सिर में धारण करके कलश यात्र के लिए प्रस्थान किया। भव्य कलश यात्र निवास से शुरू होकर मुख्य मार्ग मेन रोड होते हुए प्रवेश द्वार से कोर्रा तालाब होते हुए बस्ती पारा महामाया मंदिर से वापस कथा



स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्र में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र पहनकर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। इससे पूर्व कथा स्थल पर हवन पूजन किया गया। कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक पंडित नागेंद्र पुरुषोत्तम प्रसाद चतुर्वेदी ने कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण कथा ऐसी कथा जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी श्रीमद् भागवत पुराण कथा यज्ञ होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा की कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद् भागवत पुराण कथा यज्ञ के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलश यात्रा में सतीश, ममता तिवारी, आशीष, ऋचा तिवारी, ज्योति तिवारी, दिव्या तिवारी, प्रीति तिवारी, आशा चतुर्वेदी, रेखा गौरहा, उषा मिश्रा, शीला तिवारी, सीमा दुबे, ममता गौरहा, निष्ठा चतुर्वेदी उपस्थित थे।

## नवनिर्मित घरों में रंगोली, साज-सज्जा व किए गए दीप प्रज्ज्वलित

# जिले के 16621 हितग्राही ने किया सामूहिक गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बिलासपुर जिले के मोहभट्ठा में आयोजित कार्यक्रम में महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 3 लाख से अधिक हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया जिसमें बलौदाबाजार जिले के 16621 हितग्राही शामिल हैं।

जिला पंचायत के सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण नया रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सांकेतिक गृह प्रवेश कराया। जहां से वह प्रतीकात्मक रूप से तीन लाख हितग्राहियो के सामूहिक गृह प्रवेश के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान सभी नवनिर्मित घरों में रंगोली, साज-सज्जा, दीप प्रज्ज्वलित कर पारंपरिक



रीति रिवाजों से गृह प्रवेश किया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों को यथासंभव आभार पत्र, खुशियों की चाबी या स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की निगरानी के लिए जिला में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इसके साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यक्रम के आयोजन के लिए एक– एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। हिंदू नव वर्ष के अवसर पर राज्य में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत दिसंबर 2023 से अब तक राज्य में तीन लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिसमें जिला बलौदाबाजार में 16621 आवासों का निर्माण पूर्ण कराया गया है।

# वुडबॉल नेशनल चैंपियनशिप में बलौदा बाजार की बेटी ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महाराष्ट्र वुड बॉल संघ द्वारा चार दिवसी चौंपियनशिप का आयोजन नागपुर में किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ से सीनियर एवं जूनियर कैटेगरी में 20 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें बलौदा बाजार से चंचल खुटे ने भी हिस्सा लिया और सिल्वर मेडल जीतकर अपने अपने माता–पिता सहित जिले को गौरवान्वित की है। ज्ञात हो की महाराष्ट्र में 23 मार्च से 26 मार्च तक चार दिवसीय वुडबॉल नेशनल चौंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी शानदार प्रदर्शन से कुल 3 गोल्ड, 4 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते है। चंचल



खुटे मुलतह बलौदा बाजार जिले के ग्राम करमंडीह की निवासी है चंचल के माता–पिता किरण दिलीप खुटे वर्तमान में ग्राम के सरपंच हैं। सिल्वर मेडल जीतने पर उनके परिवार जनों सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित समाज में हर्ष का माहौल है।

## खबर संक्षेप




### संपत्ति कर के भुगतान के लिए आज-कल भी खुलेंगे रहेंगे दफ्तर

**रायपुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में संपत्ति कर का किसी कारण से भुगतान नहीं कर पाए लोगों के पास पेनाल्टी से बचने के लिए अभी भी दो दिन शेष हैं। सरकारी छुट्टी होने के बाद भी वे संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए रायपुर नगर निगम प्रशासन की ओर से रविवार और सोमवार को शासकीय अवकाश होने के बाद भी सभी जोन कार्यालयों में संपत्ति कर के भुगतान के लिए दफ्तर को खोले रखने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत लोग आज और कल भी संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं।

### नवरात्रि में मंदिरों के आसपास विशेष सफाई रखने के निर्देश

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने नवरात्रि पर्व के दौरान निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों में स्थित मंदिरों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाने सभी जोन



अधिकारियों को निर्देश दिए है, ताकि मंदिरों के आसपास स्वच्छता बनी रही। महापौर ने स्वच्छता के साथ मंदिरों के आसपास अतिक्रमण न हो और मवेशियों के कारण यातायात बाधित न हो। इसका भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जोन कमिश्नरों को नवरात्रि तक सभी मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा है।

### सत्कर्म ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति, धर्म-कर्म का जीवन में विशेष महत्व



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना को लेकर 27 से 29 मार्च तक आयोजित विश्व शांति अखंड ब्रह्म महायज्ञ का शनिवार को सामूहिक प्रार्थना, मंत्रोपचार एवं विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर संत बाबा उदयनाथ ने उपस्थित भक्तजनों को आशीर्वाद देते हुए सत्कर्म, धर्म और मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सत्कर्म मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। मानव जीवन में धर्म और कर्म का विशेष महत्व है। अच्छे कर्मों से ही व्यक्ति न केवल स्वयं का, बल्कि समाज का भी उद्धार कर सकता है। आत्मसात करते हुए सभी से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और देश-समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का आव्हान किया। मीडिया प्रभारी अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया, इस अवसर पर सामूहिक प्रार्थना एवं भंडारे का आयोजन महायज्ञ के समापन पर सामूहिक प्रार्थना एवं मंत्रोपचार के साथ किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लेकर विश्व शांति की कामना की।

# 15 लाख स्मार्ट मीटर लगे, कनेक्शन प्रीपैड करने की तैयारी, रीचार्ज कराने पर ही मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को अब आने वाले समय में मोबाइल की तरह रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक 15 लाख मीटर लग चुके हैं। आने वाले दो से तीन माह में जिन कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं, उनको प्रीपैड करने की तैयारी है। ऐसा हो गया तो छत्तीसगढ़ बिजली के कनेक्शनों को प्रीपैड करने वाला देश का तीसरा राज्य हो जाएगा। इस समय बिहार और असम में रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलती है। अब छत्तीसगढ़ में भी ऐसा होने वाला है, इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को प्रदेश सरकार से मंजूरी का ही इंतजार है। सरकार की मंजूरी मिलने की देर है, कनेक्शन प्रीपैड कर दिए जाएंगे। केंद्र सरकार की स्मार्ट मीटर योजना में अब प्रदेश के सभी वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदला जा रहा है। करीब एक साल से स्मार्ट मीटर लगाने का काम हो रहा है। प्रदेश में करीब 60 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। अब तक 15 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। जहां रायपुर संभाग में मीटर लगाने का काम टाटा कंपनी कर रही है, वहीं बाकी स्थानों पर जीनस कंपनी मीटर लगा रही है।

**पोस्टपैड कनेक्शन होंगे बंद:** स्मार्ट मीटर लगने के साथ ही एलटी वर्ग के सभी उपभोक्ताओं के अब तक चल रहे पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त हो जाएंगे। इनके स्थान पर सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। लेकिन अभी जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगे हैं, उनके ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। जैसे-जैसे उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाएंगे, सबके कनेक्शन प्रीपैड होते चले जाएंगे।

## छत्तीसगढ़ बिजली कनेक्शन प्रीपैड करने वाला बनेगा देश का तीसरा राज्य

### अलग-अलग कीमत के होंगे रीचार्ज कूपन

पॉवर कंपनी ने जिन कंपनियों को मीटर लगाने का काम दिया है, वही कंपनी रीचार्ज कूपन भी प्रकाशित करेगी। इसी के साथ मोबाइल की तरह डिजिटल रीचार्ज की भी सुविधा मिलेगी। उपभोक्ता को अपनी खपत के हिसाब से रीचार्ज करना होगा। जिनको लगेगा कि उनकी खपत एक माह में पांच सौ होती है तो वे उतने का रीचार्ज करा सकेंगे। जिनकी खपत ज्यादा होगी, वे ज्यादा का रीचार्ज करा सकेंगे। उपभोक्ता चाहेंगे तो एक से ज्यादा माह के लिए भी रीचार्ज करा सकेंगे, ताकि उनकी बिजली कट होने का खतरा न रहे। रीचार्ज समाप्त होने के पहले मोबाइल की तरह ही पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज आएगा। अगर रात में किसी उपभोक्ता का रीचार्ज समाप्त होगा तो तत्काल बिजली कट नहीं होगी, उनको रीचार्ज कराने का मौका मिलेगा।



### मिलेगा बिजली बिल हॉफ का फायदा

उपभोक्ताओं के कनेक्शन भले प्रीपैड हो जाएंगे, लेकिन घरेलू वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रदेश सरकार की योजना के मुताबिक 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना का फायदा मिलेगा। 400 यूनिट तक की खपत में पैसे आधे लगेंगे। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा रहा है। इसी के साथ बीपीएल वर्ग के उपभोक्ताओं को 30 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है तो उनको 30 यूनिट तक पैसे नहीं लगेंगे, लेकिन इसके बाद की खपत के लिए रीचार्च कराना होगा। रोज की खपत के हिसाब से पैसे कटेंगे।

## हितग्राही परेशान, दुकान संचालकों की भी चिंता बढ़ी

# भौतिक सत्यापन से पहले राशन दुकानों में भंडारण का संकट, नान कर रहा डीओ काटने में देर

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

एक अप्रैल से राजधानी रायपुर सहित जिले की समस्त उचित मूल्य की दुकानों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके लिए संयुक्त टीम बनाई गई है, जिसमें खाद्य विभाग के अधिकारी सहित गृह विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारी भी शामिल हैं। यह टीम राशन दुकानों के साथ उनके गोदामों में रखे चावल, शक्कर और नमक के स्टॉक की जांच करेगी। इस जांच में ऑनलाइन स्टॉक और मौके पर मिले स्टॉक में अंतर सहित किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई, तो दुकान संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सत्यापन का काम शुरू किए जाने से पहले ही नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। नान से समय पर डीओ काटे नहीं जाने के कारण राशन दुकानों में चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण ही नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण दुकान संचालकों की चिंता भी बढ़ गई है। एक ओर जहां खाद्यान्न के भंडारण नहीं होने से हितग्राही बगैर राशन लिए लौट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भौतिक सत्यापन के ठीक पहले भंडारण नहीं होने से संचालकों को यह चिंता भी सताने लगी है कि कहीं जांच टीम इस बात के लिए उन्हें जिम्मेदार मानकर कार्रवाई न करे।

रायपुर जिले में इन दिनों उचित मूल्य की दुकानों में भंडारण की समस्या बनी हुई है। कई दुकान संचालकों द्वारा डीओ जमा करने के बाद भी उनकी दुकानों में समय पर चावल, शक्कर एवं नमक का भंडारण नहीं किया जा रहा है। भंडारण नहीं करने का मुख्य कारण नान के अधिकारी एवं कर्मचारी हैं, जिनके द्वारा डीओ जमा होने के बाद एक से दो हफ्ते बाद डीओ आदेश जारी किया जा रहा है। डीओ आदेश जारी होने के बाद ट्रक चालान जारी होता है। इसके बाद ही नान के गोदाम से राशन दुकानों में खाद्यान्न की सप्लाई कर भंडारण किया जाता है, लेकिन पिछले दो सप्ताह से दुकानों में समय पर भंडारण ही नहीं किया जा रहा है। इसके कारण हितग्राहियों को भी कई दुकानों से खाद्यान्न लिए बिना लौटना पड़ रहा है।



### शत-प्रतिशत भंडारण करने छुट्टी के दिन भी खोले रखने का आदेश

वित्तीय वर्ष 2024-25 का क्लोजिंग महीना होने के साथ राशन दुकानों में भंडारण की कमी को देखते हुए विभाग ने 31 मार्च तक सभी दुकानों में मांग के अनुसार भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश में अवकाश के दिनों में भी गोदामों को खुला रखने कहा गया है, ताकि किसी भी दुकान में भंडारण की कमी नहीं हो। इस निर्देश के बाद भी कई दुकानों में भंडारण की कमी बनी हुई है, जबकि माह को खत्म होने में अब सिर्फ दो दिन ही बचे हैं।

### लैप्स हो जाएगा खाद्यान्न

नान की लापरवाही से कई दुकानों में समय पर कभी चावल तो कभी शक्कर व नमक का भंडारण नहीं किया गया है, जिसके कारण कई हितग्राही अभी तक खाद्यान्न दुकान से प्राप्त नहीं कर पाए हैं। अक्सर हितग्राही दुकान से तीनों सामग्री एक साथ लेना चाहता है। एक सामग्री अगर नहीं मिलती, तो हितग्राही दोबारा उसे लेने दुकान नहीं जाता। यही कारण है कि हर महीने कई हितग्राहियों को खाद्यान्न लेने से वंचित होना पड़ता है। भंडारण की कमी से चालू महीने में भी ऐसे कई हितग्राही हैं, जो अब तक खाद्यान्न ले नहीं पाए हैं। आगामी दो दिन के दौरान अगर हितग्राही खाद्यान्न नहीं लेते, तो वह लैप्स हो जाएगा।

### गोदाम में कमीशन का खेल, आम लोगों के प्रवेश पर रोक

सूत्रों के अनुसार गोदामों में एपीएल चावल के वितरण पर कमीशन का खेल चल रहा है। गोदाम में कार्यरत कुछ जिम्मेदार कर्मचारी राशन दुकान संचालकों से एपीएल कोटे का चावल को दुकानों में भेजने के लिए कमीशन की डिमांड करते हैं। पूर्व में इसकी कई बार खाद्य विभाग में शिकायत भी हो चुकी हैं। हालांकि इन शिकायतों पर अब तक जांच नहीं की गई हैं। इसके कारण गोदाम में बैठे कर्मचारियों की भी मनमानी कम नहीं हो रही है, जिसके कारण कई बार डीओ काटे जाने के बाद भी दुकानों में भंडारण करने में देर की जाती है।

### कार्रवाई की जाएगी

दुकानों में भंडारण धीमी गति से किए जाने की शिकायत आई है। इस संबंध में नान के अधिकारी को निर्देशित किया गया है। इसके बाद भी अगर किसी दुकान में समय पर भंडारण नहीं हुआ है, तो शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रण**

## म्यूल अकाउंट मामले में निर्दोषों को फंसाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग


राज्य के तीन शहरों में चल रही कार्रवाई, रायपुर में हो रहे नए खुलासे, पैसा विदेश भेजा गया
छत्तीसगढ़ बना म्यूल अकाउंट का हब, साइबर जालसाजों ने खड़ी की कंपनी, 5000 खाते ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

म्यूल अकाउंट खुलवानों वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर उनकी गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर रही है। म्यूल अकाउंट मामले में कुछ ऐसे लोग भी फंस गए हैं, जिन्हें जालसाज बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर कागजात अपने कब्जे में लेकर उनके नाम से बैंक में अकाउंट खुलवाकर अकाउंट किराए पर दे दिए थे। ऐसे लोगों को न्याय दिलाने जनता कांग्रेस (जे) के प्रवक्ता तथा वकील भगवानू नायक ने न्याय दिलाने कोर्ट में परिवाद दायर करने की बात कही है। भगवानू नायक ने नायक के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में लोन एवं अन्य शासकीय योजना के नाम पर गरीबों, विशेषकर झुग्गी-बस्तियों, प्रधानमंत्री आवास योजना और बीएसयूपी कालोनियों में रहने वाले निर्धन परिवारों के साथ व्यापक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार इन गरीबों के परिचय पत्र और आधार कार्ड का उपयोग करके बैंक खाते खोले गए, लेकिन उन्हें ना ही लोन की राशि मिली और ना ही कोई योजना का लाभ, बाद में इन खातों का दुरुपयोग करने का मामला सामने आ रहा है, जिसमें अब सायबर अपराध और संगठित अपराधों में इन निर्दोष लोगों को बीएनएस की धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111 जैसे गम्भीर अपराध में आरोपी बनाया जा रहा है, जबकि उक्त खातों के संचालन के संबंध में इन्हें कोई जानकारी नहीं है।

- कोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी

# चैंबर चुनाव की तारीख में बदलाव, सरगुजा में 14 व महासमुंद-रायगढ़ में 16 को होगा

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया के तहत शनिवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने आवश्यक बैठक बुलाई। इस बैठक में उन्होंने सरगुजा, रायगढ़ और महासमुंद में होने वाले चुनाव की तारीख में बदलाव किया है। इनमें रायगढ़ और महासमुंद में 16 अप्रैल को तथा सरगुजा में 14 अप्रैल को चुनाव कराया जाएगा।



### महासमुंद के मतदाता अब महासमुंद में ही करेंगे वोट

महासमुंद जिले के मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पहले रायपुर में बनाया गया था। इस बैठक में महासमुंद की तारीख के साथ मतदान केंद्र को भी बदला गया है। महासमुंद के मतदाता अब अपना वोट महासमुंद स्थित मतदान केंद्र में ही 16 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कर पाएंगे। इसी प्रकार रायगढ़ में भी इसी तारीख को मतदान कराया जाएगा।

### मतगणना 18 को

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्व में चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतगणना की तारीख 6 एवं 7 मई निर्धारित की गई थी, लेकिन जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री पद के लिए अधिकतर जिलों से केवल एक-एक प्रत्याशी के ही नाम आए हैं। इससे निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बन रही है। इसे देखते हुए मतगणना 18 अप्रैल को रायपुर के चैंबर भवन में होगी।

### प्रमाण पत्र मिलने तक नहीं करें निर्वाचित होने का प्रचार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में यह भी स्पष्ट निर्देश दिए है कि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है। अतः मतदान और मतगणना संपन्न होने तक आचार संहिता लागू है। इस दौरान जिन पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी है वे भी निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र जारी होने तक प्रत्याशी ही रहेंगे, इसलिए स्वयं को निर्विरोध निर्वाचित लिखकर प्रचार प्रसार न करें, नहीं तो उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सालों बाद भी आठ नर्सिंग कालेजों को नहीं मिल पाया पूरा स्टाफ, अब 12 नया खोलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

राजधानी समेत प्रदेश के आठ जिलों में संचालित होने वाले शासकीय नर्सिंग कालेजों का काम आधी ताकत के भरोसे चल रहा है। विभिन्न अड़चनों की वजह से शासन इन कालेजों में स्वीकृत पदों की पूर्ति नहीं कर पाया है। आठों कालेजों में स्वीकृत पदों की संख्या 576 है, जिसमें 214 लोग काम कर रहे हैं और 362 पद खाली हैं। इन नर्सिंग कालेजों में मानव संसाधनों की कमी को दूर करने की बड़ी चुनौती के बीच 12 नए कालेज खोलने की तैयारी की जा रही है।

नर्सिंग कालेजों में पर्याप्त स्टाफ नहीं होने की वजह से मौजूदा कर्मचारी सहित अन्य लोगों को अतिरिक्त काम का दबाव झेलना पड़ता है। इसके अलावा मानव संसाधन की कमी के कारण मान्यता पर भी तलवार लटकती रहती है। स्टाफ की कमी की वजह से यहां अध्ययन से लेकर अन्य कार्य भी प्रभावित होता है। इन आठ नर्सिंग कालेजों में 72-72 स्टाफ के पद स्वीकृत हैं, मगर किसी भी कालेज में मौजूदा स्टाफ की संख्या पचास फीसदी नहीं है। शासन स्तर पर इन रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कई बार कोशिश की गई, मगर आरक्षण सहित अन्य पेंचों की वजह से काम पूरा नहीं हो पाया और किसी भी शासकीय कालेज में स्वीकृत सेटअप की स्वीकृति नहीं हो पाई। दूसरी ओर शासन द्वारा बजट में 12 नए शासकीय कालेज खोलने की योजना को मंजूरी दी गई। इन कालेजों की स्थापना उन क्षेत्रों में की जाएगी, जहां इसकी सुविधा नहीं है। पुराने कालेजों में आवश्यक स्टाफ की पूर्ति नहीं कर पाने वाले स्वास्थ्य विभाग के सामने इन नए कालेजों में सेटअप को पूरा करना बड़ी चुनौती होगी।

## शासकीय नर्सिंग कालेजों में कुल पद 576, काम करने वालों की संख्या 214




अड़चनों के कारण अब तक नहीं हो सकी किसी कालेज में सेटअप की पूर्ति

### शासकीय नर्सिंग कालेजों में पद

| कालेज | स्वीकृत | रिक्त पद |
|---|---|---|
| रायपुर | 72 | 32 |
| बिलासपुर | 72 | 37 |
| रायगढ़ | 72 | 61 |
| अंबिकापुर | 72 | 58 |
| राजनांदगांव | 72 | 40 |
| दुर्ग | 72 | 41 |
| जगदलपुर | 72 | 43 |
| कबीरधाम | 72 | 50 |

### अभी सौ से ज्यादा कालेज

सूत्रों का कहना है कि राज्य में नर्सिंग के विभिन्न पाठ्यक्रम का संचालन करने के लिए राज्य में सौ से ज्यादा नर्सिंग कालेज मौजूद हैं। यहां सबसे अधिक सीटें बीएससी नर्सिंग की हैं। 6 हजार से ज्यादा सीटों पर भर्ती के लिए न्यूनतम अंक का प्रावधान होने के बाद भी छात्र नहीं मिल पाते। नए कालेज की शुरुआत होने के बाद एक हजार से अधिक सीटें बढ़ने की वजह से चेलैंज भी बड़ा हो जाएगा।

### इन क्षेत्रों में खोलने की तैयारी

वर्तमान में रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, जगदलपुर और कबीरधाम में शासकीय नर्सिंग कालेजों का संचालन किया जाता है। नए क्षेत्र यानी बलरामपुर, दंतेवाड़ा, जांजगीर-चांपा, बीजापुर, कुरुद, जशपुर, पुसौर, कोरबा, महासमुंद सहित अन्य क्षेत्रों में नए नर्सिंग कालेज शुरू करने की घोषणा की गई है। इस पर काम नये वित्तीय वर्ष में प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# वक्फ बोर्ड में एक हजार महिलाओं को ईद पर दी 'सौगात ए मोदी' किट

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समाज की एक हजार जरूरतमंद बहनों को सौगात भेंट कर सामाजिक सौहार्द्र का संदेश दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल "सौगात-ए-मोदी" के तहत जमाल सिद्दीकी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने गरीब महिलाओं को गिफ्ट पैकेट वितरित किए, जिसमें लेडीज सूट का कपड़ा, सेवईयां, खजूर और शक्कर आदि शामिल थी। सभी को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का पर्व प्रेम, सद्भाव और एकजुटता का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सिद्दीकी ने कहा कि आज मुसलमान बंधु जागरूक हो गए हैं। भाजपा को मुस्लिम विरोधी बताने की साजिशें नाकाम हुई हैं। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी पार्टियों का साथ पहले ही आदिवासी, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग ने छोड़ा, अब मुस्लिम भी भाजपा के साथ जुड़ गए हैं। श्री सिद्दीकी ने कहा कि भाजपा पार्टी विथ डिफरेंस इसीलिए है, क्योंकि यह "सेवा ही संगठन" के मूलमंत्र पर समाज के हर वर्ग के कल्याण का काम सतत करती है, हम सत्ता नहीं, सेवा के लिए राजनीति करते हैं। इसीलिए तमाम विपक्षी दल आज बेचैन हैं और लगातार अफवाहों व साजिशों के जरिए मुस्लिमों को गुमराह कर रहे हैं, लेकिन वे अपनी बदनीयती में कतई कामयाब नहीं होंगे।



छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने सौगात-ए-मोदी को लेकर कहा कि पीएम मोदीजी की सौगात से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, छग राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद सहित भाजपा प्रदेश एवं जिला के विभिन्न पदाधिकारी, मोर्चा के विभिन्न पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# किरण देव की नई टीम में होंगे कई बदलाव, मोर्चा, प्रकोष्ठ का भी बदलेगा चेहरा

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव समाप्त हो गए हैं। अब अगले माह भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर कवायद होने वाली है। ऐसे में इसके बाद ही अगले माह भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी बनेगी। संभावना जताई जा रही है कि किरण देव की नई टीम में कई बदलाव होंगे। जहां कार्यकारिणी में कई पदाधिकारी बदलेंगे वही मोर्चा प्रकोष्ठ में भी नए चेहरे आएंगे। ज्यादातर मोर्चा- प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव किया गया तो इसमें भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर से किरण देव को ही कमान सौंपी है। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

### अगले माह होगी नई कार्यकारिणी की कवायद



किरण देव के वापस 17 जनवरी को अध्यक्ष बनने के बाद नगरीय निकाय चुनाव का ऐलान हो गया। ऐसे में भाजपा इसमें जुट गई। भाजपा को निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। इसके बाद पंचायत चुनाव हुए। इसमें भी भाजपा को बड़ी सफलता मिली। 33 में से 32 जिला पंचायतों में भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बने। जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा को बड़ी सफलता मिली है। अब आने वाले समय में किसी भी तरह का कोई चुनाव नहीं है। हां एक चुनाव भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का होना है। इस चुनाव से फ्री होने के बाद प्रदेश की नई कार्यकारिणी बनेगी।

## खबर संक्षेप

### आर्य समाज के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज

**रायपुर।** आर्य समाज मंदिर बैजनाथपारा की स्थापना की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज मंदिर कमल विहार सेक्टर-6 में 30 मार्च को होगा। कार्यक्रम के आयोजक योगीराम साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में नागरिक और श्रद्धालु शामिल होंगे।

### मधुसूदन चौक पर कल मनाएंगे उत्कल दिवस

**रायपुर।** उड़िया समाज द्वारा मधुसूदन चौक पर 1 अप्रैल को उत्कल दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर सहित संगठन के पदाधिकारी निगम के समस्त पार्षद शामिल होंगे। समाज के लोगों ने बताया कि इसकी शुरुआत 90 के दशक से ही शुरू हो गई थी और छत्तीसगढ़ में पहली बार 1994 में 1 अप्रैल को उत्कल दिवस मनाया गया। तब पुरंदर मिश्रा महज 30-32 साल के थे और इन्कम टैक्स की प्रैक्टिस किया करते थे। यहीं से उन्होंने उड़िया समाज के लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया।

### पीएम राज्य और निगमों में आयुर्वेद की दुर्दशा पर ध्यान दें

**रायपुर।** आयुर्वेद चिकित्सा की राष्ट्रीय स्तर की संस्था नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन की छत्तीसगढ़ शाखा के अध्यक्ष व विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रांताध्यक्ष डॉ. मनोहर लहेजा ने प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ आगमन पर उनका स्वागत करते हुए राज्य सरकार व नगर निगमों में आयुर्वेद चिकित्सा व डॉक्टरों की उपेक्षा पर उनका ध्यान आकर्षित किया है। श्री लहेजा राज्य अलंकरण पुरस्कार से भी सम्मानित हैं। डॉ. लहेजा ने शुक्रवार को प्रस्तुत रायपुर नगर निगम के बजट में आयुर्वेद चिकित्सा की उपेक्षा पर दुख या क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें आयुर्वेद को पूरी तरह से भुला दिया गया है।

### कानपुर-लखनऊ में हुए साईं मसंद साहिब के प्रभावी व्याख्यान



**रायपुर।** अमर शहीद हेमू कालाणी के 102वें जन्मदिवस के अवसर पर कानपुर एवं लखनऊ में सिंधी समाज के प्रख्यात देशभक्त संत, मसंद सेवाश्रम रायपुर के पीठाधीश एवं अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक व सामाजिक संगठन परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री साईं जलकुमार मसंद साहिब के बड़े प्रभावी व्याख्यान हुए। कार्यक्रम का आयोजन कानपुर में भारत सरकार शिक्षा विभाग की सिंधी भाषा विकास परिषद एवं शहीद हेमू कालाणी स्मृति शिक्षण संस्थान कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में सिंधु इंटरनेशनल स्कूल में तथा लखनऊ में उत्तरप्रदेश सिंधी अकादमी द्वारा सिंधु भवन में हुआ। दोनों कार्यक्रमों में साईं मसंद साहिब ने शहीद हेमू कालाणी के साथ-साथ देश की आजादी के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले ज्ञात-अज्ञात लाखों शूरवीरों के प्रति श्रद्धांजलि दी। एवं आजादी के आंदोलन में भाग लेने वाले करोड़ों स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आदरभाव व्यक्त किया और बताया कि देश की आजादी मुख्य रूप से भारत द्वारा युगों से समूचे विश्व का कल्याण करने वाले विश्वगुरु का पूर्ववर्ती दायित्व पुनः निभाने के लिए लड़ी गई थी। उन्होंने बताया कि इस बात का उल्लेख आजादी आंदोलन के पुरोधाओं बाल गंगाधर तिलक, महर्षि अरविंद आदि के तत्कालीन व्याख्यानों के अभिलेखों में दर्ज है। साईं मसंद साहिब ने बताया कि दो पीठों के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज द्वारा उनके एक सुयोग्य शिष्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज, जो वर्तमान में ज्योतिर्मठ के जगद्गुरु शंकराचार्य हैं, के संयोजकत्व में परम धर्म संसद 1008 का गठन होना है।

# प्रवासी मजदूर सबसे ज्यादा आ रहे हैं बेमेतरा में, गरियाबंद, सुकमा, नारायणपुर में कोई नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में रोजी-रोटी कमाने के लिए दूसरे राज्यों से आने वाले असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों में सबसे ज्यादा संख्या ऐसे मजदूरों की है जिन्होंने बेमेतरा जिले में प्रवास किया है। श्रम विभाग की प्रवासी श्रमिक पंजीयन रिपोर्ट के हिसाब से जनवरी से 27 मार्च की स्थिति में बेमेतरा में सबसे अधिक 17 हजार 191 श्रमिकों ने अपना पंजीयन कराने के लिए आवेदन किया है। दूसरी और राज्य के कुछ जिले ऐसे हैं जहां कोई भी प्रवासी श्रमिक नहीं आया है। इनमें बस्तर का सुकमा, नारायणपुर, गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही भी शामिल है।

बाहर से राज्य में रोजगार के लिए आने वाले श्रमिकों को श्रम कानून के तहत यहां प्रवासी श्रमिक पंजीयन(असंगठित) करवाना होता। श्रम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 1 जनवरी 2025 से 27 मार्च 2025 तक हजारों की संख्या में श्रमिक यहां आए और अपने पंजीयन के लिए आवेदन किया है। श्रम विभाग इन लोगों से आवेदन लेकर पंजीयन की प्रक्रिय शुरु करता है। जिन श्रमिकों के दस्तावेज सही होते हैं उनका पंजीयन किया जाता है। जिनके दस्तावेज आधे-अधूरे होते हैं, उनके आवेदन वापस कर दिए जाते हैं।

### बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा में हजारों का पंजीयन नहीं



#### बेमेतरा,बलौदाबाजार, जांजगीर चांपा में सबसे अधिक

श्रम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बेमेतरा जिले में 17 हजार 191 श्रमिकों ने पंजीयन के लिए आवेदन किया है। लेकिन इनमें से आधे से अधिक यानि 8 हजार 975 के आवेदन दस्तावेज के अभाव में वापस कर दिए । बाकी बचे 8 हजार 215 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। बलौदाबाजार जिले में 11 हजार 455 श्रमिकों ने पंजीयन के लिए आवेदन किया, लेकिन यहां केवल 486 का ही पंजीयन हुआ। बाकी बचे 10 हजार 967 श्रमिकों का पंजीयन दस्तावेज के अभाव में नहीं हो सका। जांजगीर चांपा जिले में 8 हजार 453 श्रमिकों ने पंजीयन के लिए आवेदन किया इनमें से 2 हजार 437 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। बचे 6 हजार 11 के आवेदन वापस किए गए। राजनांदगांव जिले में 4 हजार 520 श्रमिकों ने आवेदन किया। लेकिन यहां केवल 422 का पंजीयन हुआ है। बाकी के 4 हजार 97 के आवेदन वापस कर दिए गए। इसी क्रम में बिलासपुर जिले में 2218 श्रमिकों ने आवेदन किया है। इनमें से 1881 का पंजीयन हुआ। 336 के आवेदन वापस किए गए हैं। रायपुर जिले में 108 श्रमिकों ने पंजीयन के लिए आवेदन किया। इनमें से 31 का पंजीयन हो पाया। 76 के आवेदन वापस किए गए। सक्ती जिले में प्रवासी मजदूरों के 2 हजार 456 श्रमिकों ने आवेदन किए। इन सभी का पंजीयन किया गया है।

## अफसर सीजेडए के पास नियमित जानकारी भेजने का दावा कर रहे


# जंगल सफारी में क्या गड़बड़झाला इसकी जानकारी सीजेडए को नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

जू में वन्यजीवों की संख्या के साथ ही उनकी सेहत की संपूर्ण जानकारी रखने इन्वेंट्री मेंटेन कर जानकारी सीजेडए के पास भेजी जाती है। इन्वेंट्री हर तीन माह के साथ वार्षिक तैयार की जाती है। जंगल सफारी जू प्रबंधन ने पिछले तीन वर्षों से इन्वेंट्री मेंटेन कर जानकारी सीजेडए के पास नहीं भेजी है। ऐसे में सीजेडए के अफसर सफारी प्रबंधन को इन्वेंट्री भेजने लगातार पत्र लिख रहे हैं। बावजूद इसके सफारी प्रबंधन जानकारी भेजने से बच रहा है। ऐसे में सफारी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

जू प्रबंधन द्वारा सीजेडए के पास हर तीन माह में भेजे जाने वाले इन्वेंट्री में जू में वन्यजीवों की संख्या के साथ उनकी सेहत के बारे में विस्तृत रिपोर्ट रहती है। इसके साथ ही जू में कितने तथा किस प्रजाति के वन्यजीव का ब्रीडिंग होना है, इसकी भी जानकारी दी जाती है। वार्षिक रिपोर्ट में सालभर में कितने वन्यजीवों की मौत हुई, किस प्रजाति के वन्यजीव की संख्या सरपल्स है, इसके अलावा एक साल में किन प्रजाति के वन्यजीवों का किसी दूसरे जू से एक्सचेंज किया गया, इसकी जानकारी सीजेडए को दी जाती है।




### मार्च 2021 के बाद से जानकारी नहीं भेजी गई

गुजरात, जामनगर स्थित ग्रीन जूलॉजिकल, रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर के साथ चार सफेद सहित काले भालू एक्सचेंज करने को सीजेडए ने 28 जनवरी को जंगल सफारी प्रबंधन को एक पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नंदनवन चिड़ियाघर एवं सफारी द्वारा 2020-21 तक की एनिमल इन्वेंट्री उनके सॉफ्टवेयर में अपलोड है। इससे जाहिर होता है, सफारी प्रबंधन ने मार्च 2021 के बाद वन्यजीवों की जानकारी सीजेडए के पास भेजी ही नहीं है।

### इस वजह से नहीं कर रहे मेंटेन

जानकारों के मुताबिक सफारी प्रबंधन द्वारा इन्वेंट्री मेंटेन नहीं किए जाने का असल कारण वन्यजीवों की संख्या छिपाना है। सफारी में आए दिन वन्यजीवों की अकाल मौत होती रहती है। इस बात की जानकारी मृत वन्यजीवों का अंतिम संस्कार होने के बाद सफारी के बाहर लोगों को मिल पाती है। इन्वेंट्री मेंटेन नहीं होने की वजह से जिम्मेदार मरे हुए वन्यजीवों के आंकड़ों में हेरा-फेरी कर बचाव का रास्ता निकाल लेते हैं।

### अफसर का कहना है नियमित जानकारी भेज रहे

इन्वेंट्री मेंटेन नहीं होने के सवाल पर जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर का कहना है कि सफारी प्रबंधन द्वारा निर्धारित समय में सीजेडए के पास वन्यजीवों की जानकारी उपलब्ध करा देते हैं। अफसर के अनुसार सीजेडए की वेबसाइट पर जानकारी देर से अपलोड होती है। ऐसे में इस बात को लेकर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं कि सफारी प्रबंधन अगर तय समय में इन्वेंट्री मेंटेन कर जानकारी सीजेडए के पास भेज रहा है, तब सीजेडए सफारी प्रबंधन को जानकारी देने बार-बार पत्र क्यों लिख रहा है। वेबसाइट पर जानकारी अपलोड होने में एक महीने की देर हो सकती है, तीन साल तक जानकारी अपलोड नहीं होना संदेहास्पद है।

# दिव्यांगों ने फिर से दोहराई मांग भूख हड़ताल का लिया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने मरीन ड्राइव में किया विरोध

प्रदेश के दिव्यांग एक बार फिर आंदोलन का रुख करने के लिए विविश हो गए हैं। लगातार छह सूत्रीय मांग करने के बाद भी शासन-प्रशासन द्वारा अनदेखी की जा रही है। इससे आहत दिव्यांगों ने शनिवार को मरीन ड्राइव में शासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए भूख हड़ताल का निर्णय लिया है। इसको लेकर अब तेलीबांधा में जमे हैं। उन्होंने बताया कि 26 मार्च को हमने स्वाभिमान रैली निकालने का प्रयास किया था, जिसे शासन-प्रशासन ने कुचलने का प्रयास किया।

राजधानी में आंदोलन को लेकर प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चंद्राकर और सचिव विद्या भूषण साहू ने बताया कि सरकार मांगों पर विचार करने के बजाय लगातार अनदेखी कर रही है, इससे दिव्यांगजन आहत हैं। इस वजह से संघ ने सीएम सहित दो मंत्रियों के नाम से शनिवार को मरीन ड्राइव में पिंडदान करते हुए शांति भोज का आयोजन किया।

### इन मांगों को मनवाने सड़क पर जमे

छत्तीसगढ़ पीएससी सहित कई परीक्षाओं के माध्यम से फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट्स के आधार पर नौकरी करने वालों पर कार्रवाई नहीं की गई है। सभी विभागों में दिव्यांग कोटे के बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती अभियान विज्ञापन जारी करने की मांग अधूरी है। दिव्यांग वंदन योजना बनाकर हर महीने 5 हजार रूपए पेंशन देने और बीपीएस की बाध्यता खत्म नहीं की गई। 21 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित युवतियों को महतारी वंदन योजना में शामिल नहीं किया है। दिव्यांगजनों द्वारा स्वरोजगार शुरू करने लिए गए कर्ज को माफ नहीं किया, इसलिए सड़क पर जमें हैं।

# बैज ने कहा- मोदी की गारंटी आज भी पूरी नहीं हुई, पीएम लेंगे नैतिक जिम्मेदारी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास पर कांग्रेस ने उनसे सवाल पूछा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के नाम से छत्तीसगढ़ की जनता से भाजपा ने वादा किया था, जब भाजपा की सरकार बनेगी, तो इन वादों को पूरा किया जायेगा। आज भी वे वादे पूरे नहीं हुए। आपने खुद कहा था यह वादे मोदी की गारंटी है, इसे पूरा करने की जवाबदारी मेरी है। आपकी सरकार इन वादों को पूरा नहीं कर रही है तो क्या आप इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेने का साहस दिखायेंगे।



■ प्रधानमंत्री के दौरे से पूर्व कांग्रेस ने याद दिलाए चुनावी वादे

उन्होंने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के वादे जो पूरे नहीं हुए, उनमें 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा, मासिक ट्रैवल अलॉउंस, सिम्स एवं सीआईटी निर्माण का वादा था, यह भी झूठा जुमला साबित हुआ। कृषि उन्नति योजना, पूरे प्रदेश में एक भी पंचायत में नकदी आहरण काउंटर स्थापित नहीं किया गया। रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती करने का वादा, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास एवं घर-घर निर्मल जल अभियान, तेंदूपत्ता संग्रहण दर एवं बोनस देने का वादा था।

दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना का वादा, अस्पतालों का भुगतान नहीं करने के कारण आयुष्मान से इलाज बंद है। छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना के तहत 1 वर्ष में किसी को ऋण नहीं मिला। स्टेट कैपिटल रीजन बनाने का वादा सिर्फ हवा हवाई वादा साबित हुआ। भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग, भ्रष्टाचार शिकायत निवारण व निगरानी करने रखने के लिए एक वेब पोर्टल बनाएंगे।

# गर्मी में पानी के संकट से निपटने सरकार सतर्क, 1033 करोड़ की पेयजल योजनाओं के काम जल्द पूरे करने के निर्देश

जहां पानी नहीं वहां टैंकर से उपलब्ध कराने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ वरिष्ठ अफसर निगम से लेकर नगर पंचायत तक रखेंगे नजर

इस साल मार्च के अंतिम सप्ताह से तेज धूप, बढ़ती गर्मी और तेजी से गिरते भू-जल स्तर के मद्देनजर राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में आसन्न पानी के संकट को लेकर सतर्क हो गई है। सरकार ने ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट से निपटने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक सहित वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग अंतर्गत विगत 3 वर्षों में पेयजल व्यवस्था के लिए राशि रुपए 1033.00 करोड़ की अनुमति दी गई है। उक्त स्वीकृत सभी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**सरकार ने शुरू की तैयारी :** ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट निवारण के लिए उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री अरूण साव ने सबसे पहले 13 मार्च और फिर 21 मार्च को वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से निर्देश दिये गये थे। ग्रीष्मकालीन पेयजल संकट के संबंध में आयोजित बैठक में नगरीय निकायों में पेयजल के उचित व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। निकायों में स्थापित हैण्डपंप, बोरवेल एवं अन्य जलप्रदाय प्रणाली का शत प्रतिशत चेकिंग 7 दिन के भीतर पूर्ण कर आवश्यक मरम्मत करेगें एवं पालन प्रतिवेदन संचालनालय को देने कहा गया है।

**पाइपलाइन की जांच, पानी नहीं तो टैंकर भेजें :** निकायों के अधिकारियों से कहा गया है कि जल प्रदाय योजना के लिए बिछाई गई पाइप लाइन में लीकेज या टूट-फूट हो तो तत्काल उसका सुधार कार्य कराएं। निकायों के अंतर्गत जिन वार्डों, बस्तियों में जलस्तर नीचे चला जाता है, उन स्थानों को चिन्हित कर टैंकर के माध्यम से जलप्रदाय करने कहा गया है।

### लोगों को पानी पिलाने की व्यवस्था

निर्देश दिया गया है कि बस स्टैण्ड, बाजार एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर प्याऊ घर की स्थापना किया जावें तथा ये सुनिश्चित किया जावे कि प्याऊ घर में पानी की व्यवस्था के साथ मानव बल भी उपलब्ध रहे। इस कार्य हेतू सामाजिक संस्थाओं एवं एनजीओ से भी स्वेच्छानुसार सहयोग लिया जा सकता है।



### शिकायत भी दर्ज होगी, निराकरण की समीक्षा भी

अधिकारियों से कहा गया है कि हर दिन संधारण हेतु प्राप्त शिकायत, रजिस्टर में दर्ज कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जायें। ग्रीष्म कालीन पेयजल संकट निवारण हेतु आयुक्त तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रति दिवस स्वयं शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करेगें। हैण्डपंपों के जल को कीटाणु रहित करने के लिए ब्लीचिंग पावडर का घोल एवं सोडियम हाईपोक्लोराईड आवश्यक मात्रा में डालना सुनिश्चित करें। टंकियों के टेल एंड में रेसीड्यूल क्लोरीन की मात्रा मानक के अनुरूप हो। निर्धारित मात्रा से कम पाये जाने की स्थिति में जलागारों में आवश्यकतानुसार रि-क्लोरीनेशन (सोडियम हाइपोक्लोराइड / ब्लीचिंग पावडर) का डोजिंग किया जाए।

# कम हुआ पारा मगर नमी ने और बढ़ा दी गर्मी, दिन के साथ रात में भी हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीक पर पहुंच चुके तापमान में थोड़ी गिरावट तो हुई है, मगर बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी ने गर्मी और बढ़ा दी है। अभी दिन की तेज धूप के साथ रात की बेचैनी भरी गर्मी ने भी हालत खराब कर दी है। शनिवार को राजधानी प्रदेश में सबसे गर्म रही और रात का तापमान भी सामान्य से पांच डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया।

गर्मी ने प्रदेश को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है और तापमान 40 डिग्री पहुंच गया है। आने वाले दिनों में यानी अप्रैल में गर्मी का तेवर और दुखदायी होगा। वर्तमान में एक द्रोणिका मध्य छत्तीसगढ़ के ऊपर विस्तारित है, जिसकी वजह से बंगाल की खाड़ी से हवा के साथ नमी का प्रवेश हो रहा है। इसके प्रभाव से दिन के तापमान में मामूली गिरावट हुई, मगर धूप के साथ नमी की मिलावट होने से ज्यादा गर्मी महसूस होती रही। दोपहर में सड़कों पर आवाजाही के दौरान गर्म हवा के झोंके से जलन का अहसास होता रहा। नमी के प्रभाव से रात का पारा ऊपर की ओर चढ़ गया है। रायपुर में न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक था। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी अगले तीन दिन तक दिन में गर्म हवा के थपेड़े महसूस होते रहेंगे।

# स्थापना दिवस पर प्रतिभाओं को छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की समाजसेवी संस्था सौभाग्य फाउंडेशन ने अपना 13वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्था द्वारा आत्मनिर्भर नारी समृद्ध भारत विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, संस्था की संरक्षक रश्मि शर्मा, सेंट्रल बैंक के जोनल हेड रामकृष्ण नाईक, तिलोक बरड़िया, एग्रीकल्चर फार्म के विजय चंद्राकर, एमआईसी सदस्य संजना हियाल रहे। अतिथियों द्वारा प्रदेश की 25 व्यक्तिगत, 9 समाजसेवी संस्थाएं, महिला स्वसहायता समूह, बाल प्रतिभाओं सहित लगभग 100 लोगों को सम्मानित किया गया। इस



अवसर पर विधायक श्री मिश्रा ने वर्तमान परिवेश में मोबाइल में लोगों को कम से कम समय देते हुए स्वयं के, समाज के विकास में सहयोग देने की बात कही। संस्था की अध्यक्ष पल्लवी पांडेय द्वारा सभी क्षेत्रों में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला गया।

### ये रहे उपास्थित

कार्यक्रम में संस्था की सचिव सोमा शर्मा, अमित शर्मा, ज्ञानेंद्र देवांगन, प्रतीक तिवारी, वंदना सिंह, दिनेश कुमार, नीरज शर्मा, अजेश कुशवाहा, के. ज्योति राव, विमल नायर, नितिन पाण्डेय, विनोद सिंह, सौभाग्य पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, तेजपाल हुंजन, साहिल खान, शांति सिंह, सोनू सिंह, सौरभ सिंह ठाकुर, निधि गुप्ता, अंजली कल्याणी, अर्चना रणसिंह, राजेश अवसरिया, निशा अवसारिया आदि शामिल थे।

### इनका हुआ सम्मान

एंकर पृथा शुक्ला, चिकित्सा में डॉ. अभिलाषा शर्मा, डॉ. रश्मि दुबे, किक बॉक्सिंग खिलाड़ी अन्नू कंवर, आरजे प्रियल मिश्रा, छग संस्कृति के लिए पिलेश्वरी साहू, दृष्टिबाधित खिलाड़ी प्रीति यादव, साई की कोच रेणु पारिक, स्वरोजगार में पूजा शुक्ला, शिक्षा में निधि देवांगन, ज्योति शिंदे, छग पर्यटन में नम्रता तिवारी, राजनीति में संजना हियाल, कराते प्रतिमा कुमारी, समाजसेवा में बी. पोलम्मा भोगू, सतीश सिंह, हर्षा शर्मा, कुमकुम झा, राहुल खस्तगीर, एम. राजू, रेणुका कुलकर्णी, सुजाता कुर्म, रेणुका सुब्बा, ईरा पंत, गायत्री परिवार, शक्ति छग विप्र महिला समाज, युवा पहल, बढ़ते कदम, महाराष्ट्र मंडल, वनबंधु परिषद, साधना महिला मंडल, सामर्थ्यजन कल्याण समिति, कारीगर महिला स्वसहायता समूह, बाल प्रतिभा में कृष टंडन, राज गिलहरे, देवाशीष साहू, गणेश साहू, ओमकार साहू।

शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पति श्री प्यारेलाल वर्मा (सेवानिवृत्त प्रधानपाठक) का स्वर्गवास दिनांक 22.03.2025 दिन शनिवार को हो गया है। अतः सपरिवार सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें।

कार्यक्रम
दशगात्र दिनांक - 31.03.2025 सोमवार
कार्यक्रम स्थल - गितकेरा (पलारी)
नोट : अस्थि विसर्जन हेतु गंगा जी ले गयें है।
नोट : तालाब का कार्यक्रम दोप. 12 बजे तक सम्पन्न होगा।

स्व. श्री प्यारेलाल वर्मा

शोकाकुल -
राधेकिशन, बालकृष्ण, केशव, आत्माराम, शत्रुहन (गुरूजी), तिवारी, माधव, लखन, नारायण, भजन, हरिश, कमल, टुकेश्वर, उमेश, कैलाश, कौशल, महेन्द्र, मनीष, चन्द्रकिरण, मुकेश, रमेश, रवि, सुरेश, विकास, कुणाल, शुभम, सुयश, साहिल एवं समस्त वर्मा परिवार

विनीत -
बिसाहीन वर्मा (पत्नि)
तमेश (चंदन)-लखेश्वरी (पुत्र-पुत्रवधु)
हर्ष, त्रिशु वर्मा (पोता), मो. 9977195127

टीप : जिस किसी सज्जन को शोक पत्र नहीं मिला है, कृपया इसे ही शोक पत्र समझे।

**खबर संक्षेप**

## डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खम्हरिया का परीक्षा परिणाम जारी

**गोपालपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खमरिया द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें विद्यालय के सभी छात्रें ने उत्तम अंक अर्जित किए। जारी परीक्षा परिणाम के अनुसार कक्षा एलके जी में प्रथम गरिमा साहू, हिमेश साहू, निहारिका जायसवाल, द्वितीय उमाशंकर साहू आदि साहू, डिकेश साहू, तृतीय शौर्य जांगड़े, कक्षा यूकेजी में प्रथम दीप्ति श्रीवास, प्रियांश साहू, एवं तृतीय तृषा पटेल, कक्षा पहली में प्रथम हेयांश श्रीवास, ऊर्वी साहू, खुशबू साहू, तृतीय दीकेश साहू, रिया साहू, कक्षा दूसरी में प्रथम सुनैना यादव, द्वितीय ममता साहू एवं मयंक साहू, तृतीय दीपांशी साहू, पांचवी में प्रथम खेमन पटेल, खिलेश साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य संदीप कुमार पटेल व सभी शिक्षक गण के तरफ से सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

**निधन**

### प्रभुदयाल सोनी



**बलौदाबाजार।** नगर के सराफा व्यवसायी प्रभुदयाल सोनी का शनिवार रात्रि 9 बजे निधन हो गया। जिनकी रविवार को सुबह रायपुर रोड मुक्तिधाम के लिए निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल थे। वे मोती लाल सोनी के बड़ी भाई एवं जयनारायण व पुरूषोत्तम सोनी के पिता थे।

### दिनेश सिंह ठाकुर



बलौदाबाजार। दुर्गा चौक निवासी दिनेश सिंह ठाकुर उर्फ दिगु 57 वर्ष का रविवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार सायं रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे। वे नरसिंह ठाकुर, सुरेश सिंह, महेश सिंह, संतोष सिंह के छोटे भाई तथा उत्कर्ष एवं पुष्पेन्द्र के पिता थे।

### अखिल असम सतनामी समाज कल्याण परिषद का 34वां केन्द्रीय अधिवेशन

# सतनामी समाज ने सामाजिक उत्थान और संस्कृति को सहेजा : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद श्रद्धेय ममतामयी मिनीमाता की जन्मस्थली चिकनी पथार, जखलाबन्धा, कलियाबर, नगांव (असम) में अखिल असम सतनामी समाज कल्याण परिषदः केन्द्रीय समिति के उद्योग में और कलियाबर सतनामी समाज के सहयोग से अखिल असम सतनामी समाज कल्याण परिषद के 34 वाँ केन्द्रीय अधिवेशन और मिनीमाता भवन का उद्‌घाटन समारोह का आयोजन रखा गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ विधानसभा कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ इस दौरान विधायक संदीप साहू ने मिनीमाता भवन का उद्‌घाटन करते हुए समाज के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और सतनामी समाज की एकता और प्रगति के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया।

**मिनीमाता भवन का उद्घाटन**



विधायक संदीप साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की सतनामी समाज ने सामाजिक उत्थान और संस्कृति को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है मिनीमाता भवन समाज के लोगों के लिए एकता और विकास का केंद्र बनेगा उन्होंने समाज के युवाओं को शिक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया अधिवेशन में समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों और विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया जिसमे मुख्य रुप से मानदास सतनामी असम प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जांगड़े उपाध्यक्ष असम प्रदेश राजकुमार सतनामी दिपक सतनामी राजेश सतनामी दिपचंद सतनामी हेमंता सतनामी केसब सतनामी विमल सतनामी लाल सतनामी नागेश्वर सतनामी विनय सतनामी बकुल सतनामी छत्तीसगढ़ से नीलकमल आजाद श्रीपती अजगर संतोष कुर्रे सुन्दर लहरे केपी खांडे चेतन चंदेल खेदू बंजारे सिएल रात्रे बि आर खरपंदे जे आर सोनी सरजू घृतलहरे चम्पा गेंदले बिहार से गुरु श्याम दास सतनामी माधव दास व भारी संख्या मे छत्तीसगढ़ बिहार ओडीशा झारखण्ड से अधिवेशन में बड़ी संख्या में सतनामी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की सभा में अंजय का कार्यकाल तीन वर्ष बढ़ा



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर की रविवार को संपन्न हुई बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से अंजय शुक्ल का कार्यकाल 3 वर्ष बढ़ाने के लिए अपना समर्थन दिया। होटल एम्बेशिया में हुए आमसभा की बैठक को संबोधित करते हुए श्री शुक्ल ने समस्त ट्रांस्पोटरो को आश्वस्त किया कि प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार में ट्रांसपोर्टर को कोई परेशानी नही आने दी जाएगी। इस अवसर पर गणेश जायसवाल ने कहा कि अंजय शुक्ला के अध्यक्षता में ही परिवहन दर में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी एवं जीपीएस के कारण जो ट्रांसपोटोंर् को आर्थिक क्षति पहुंचती थी उसका भी निराकरण भी हुआ। बैठक में उपस्थित प्रमुख ट्रान्सपोर्टर में सुखदेव सिंह सिद्धू, अमित सूरी, सुखी बाबा सुब्रत डे अचल भाटिया, मलकीत सिंह, जसवंत सिंह, रितेश जैन, मनोज गुप्ता, विनीत सिंह सलूजा, पवन साहू गणेश प्रसाद जायसवाल, नरेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, हरप्रीत सिंह भाटिया, अनुराग जैन, अमित तिवारी, आशीष अग्रवाल, अर्पित तिवारी, अरुण तुलसियान, भूपेंद्र यादव, शिवकुमार सिंह, हरप्रीत सिंह जयप्रकाश, हरविंदर सिंह, द्वारिका अवस्थी, महेंद्र सिंह शामिल थे।




## धूमधाम से मनाया गया हिंदु नववर्ष

**खरोरा।** विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर तरापोंगी मे बड़े ही भव्य तरीके और धूम धाम से यह हिंदू नववर्ष को मनाया गया भैयाध्बहनो द्वारा कलश यात्र और भगवा ध्वज लेकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया हमारे प्रधानाचार्य तुलसी राम वर्मा व ग्राम सरपंच सावन नायक श्रीमती भानुमती सिन्हा दीदी द्वारा हिंदू नववर्ष का महत्व को बताया गया और कहा गया कि आज के दिन से हमारा नया वर्ष की शुभ आरंभ हो रहा है तो इनका स्वागत हम अपने द्वार पर रंगोली डालकर व कम से पांच दिया जलाकर करना चाहिए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के सभी आचार्य दीदीयों का पूर्ण सहयोग रहा।

## धर्मनिरपेक्ष पार्टियां वक्फ संशोधन विधेयक का करें विरोधः खुंटे



**पलारी।** छत्तीसगढ़ विकास पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद पी.आर खुंटे ने प्रेस से कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक संसद के मौजूदा सत्र में पेश किया जाएगा ऐसा कहना है अमित शाह जी का यदि बिल पेश किया गया तो देश के सभी धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक पार्टीओ के सांसदों से आग्रह है कि इस विधेयक का घोर विरोध किया जाए विशेष कर चंद्र बाबू नायडू और नीतीश कुमार जी, चिराग पासवान जी, जयंत चौधरी जी जैसे भाजपा समर्थक सांसदों से निवेदन है कि इस विधेयक को लोकसभा में पेश होने से रोके यदि जबरन यह वक्फ संशोधन विधेयक का संसद में पेश किया जाता है तो इस विधेयक के विरोध में मतदान करें ताकि लोकसभा राज्यसभा में यह विधेयक पास ना हो सके।


## राधाकृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ आज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर में एक ही छत के नीचे अच्छी स्वास्थ्य सुविधाऐं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गत 38 वर्षो से संचालित साहू नर्सिंग होम के संचालक डॉ कृष्ण कुमार साहू के द्वारा नवनिर्मित राधाकृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर रोड लिमाही बलौदाबाजार का आज सोमवार को शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर डॉ रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विशिष्ट अतिथि श्याम बिहारी स्वास्थ्य मंत्री, टंकराम वर्मा राजस्व मंत्री के अलावा गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, इंद्र साव विधायक भाटापारा, संदीप साहू विधायक कसडोल, शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक, अशोक जैन नपाध्यक्ष बलौदाबाजार, आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार एवं सूलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार उपस्थित रहेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411




मा. डॉ. रमन सिंह | मा. बृजमोहन अग्रवाल | मा. श्याम बिहारी जायसवाल | मा. टंकराम वर्मा | मा. गौरीशंकर अग्रवाल | मा. इंद्र साव | मा. संदीप साहू | मा. शिवरतन शर्मा | मा. अशोक जैन | मा. श्रीमती आकांक्षा जायसवाल | मा. श्रीमती सुलोचना यादव | मा. मेड़ी लाल साहू




अंचल वासियों को आधुनिक एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने
साहू नर्सिंग होम बलौदाबाजार के यूनिट-2
38 YEAR SINCE
राधा कृष्ण मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
रायपुर रोड, लिमाही बलौदाबाजार
के शुभारंभ अवसर पर शामिल
सम्मानीय अतिथियों का स्वागत... वंदन... अभिनंदन...

कार्यक्रम
31 मार्च 2025, सोमवार, प्रातः 11 बजे
स्थान : राधाकृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रायपुर रोड, लिमाही बलौदाबाजार

उपलब्ध सुविधाऐं
- स्त्री रोग विशेषज्ञ
- शिशु रोग विशेषज्ञ
- मेडिसीन विशेषज्ञ
- सर्जरी रोग
- हड्डी रोग एवं संपूर्ण ट्रोमा यूनिट
- चर्म रोग विशेषज्ञ
- दंत रोग विशेषज्ञ
- पैथोलॉजी
- रेडियोलॉजी
- एक्स-रे, सोनोग्राफी सी.टी. स्केन
- नियोनेटल आई.सी.यू.
- पिडियाट्रिक आई.सी.यू.
- मेडीकल एवं सर्जिकल आई.सी.यू.
- आपरेशन थियेटर
- एवं सभी स्पेशलिस्ट एवं सुपर स्पेशलिस्ट की सुविधायें एक ही छत के नीचे।
- 57000 वर्गफीट में बना हुआ हॉस्पिटल।



डॉ. आदर्श साहू
MBBS, MD, Pediatrics



डॉ. अजित गुप्ता
MBBS, MD
चर्म रोग विशेषज्ञ



डॉ. वर्तिका साहू
BDS, MDS
दंतरोग विशेषज्ञ



डॉ. कृष्ण कुमार साहू
मैनेजिंग डायरेक्टर

विनीत
डॉ. के.के. साहू-श्रीमती मीना साहू

स्वागताकांक्षी
शिवकुमार-संगीता साहू
नंद कुमार - नीतू साहू
कमलेश कुमार - रूप लता साहू

प्रतिक्षारत
डॉ. आदर्श साहू, डॉ. स्वाति मूंदड़ा साहू, डॉ. अजित गुप्ता, डॉ. वर्तिका साहू
दिव्यांश, रीतिका, तनिष्क, निर्णय, आदित्य, अन्विका
एवं समस्त साहू परिवार ब.बा.